दिन–मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 08／07／2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 05 मिनट

---

राज्य सरकार ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए डोमिसाइल नीति लागू कर दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि सरकार के इस फैसले के बाद राज्य सरकार की नौकरियों में सिर्फ बिहार की महिलाओं को ही पैंतीस प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। बिहार से बाहर की महिलाएं सामान्य श्रेणी में आयेंगी। डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने युवा आयोग के गठन को मंजूरी प्रदान की है। आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष समेत सात सदस्य होंगे। उन्होंने बताया कि आयोग राज्य के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने, प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाने में मदद करेगा। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य सरकार ने दिव्यांगजन सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना को भी मंजूरी प्रदान की है। इसके तहत यूपीएससी प्रांरभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को एक लाख रूपये और बीपीएससी प्रांरभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को पचास हजार रूपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

इसके अलावा मंत्रिमंडल ने कम बारिश की स्थिति में कृषि कार्य के लिए डीजल अनुदान योजना के तहत एक सौ करोड़ रूपये की मंजूरी प्रदान की है। मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए चालू वित्तीय वर्ष में मिलेट्स योजना के तहत छियालीस करोड़ पचहत्तर लाख रूपये आवंटित किये गए हैं।

————————————————————————

उद्योगपति गोपाल खेमका हत्याकांड मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अशोक साह को गिरफ्तार कर लिया है। अशोक साह पेशे से बिल्डर है और उसने कारोबार के विवाद में गोपाल खेमका की हत्या करवाई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हत्याकांड में शामिल एक शूटर उमेश कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। वहीं, पुलिस ने हत्या के लिए हथियार उपलब्ध कराने वाले विकास कुमार नामक युवक को मार गिराया है।

गिरफ्तार शूटर उमेश की निशादेही पर विकास की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पटना के मालसलामी इलाके में पहुंची थी। इसी दौरान विकास ने पुलिस पर गोली चला दी, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में विकास मारा गया। इस बीच, पुलिस ने घटना में इस्तेमाल मोटरसाईकिल, पिस्तौल, अस्सी कारतूस, दो मोबाईल फोन और एक लाख रूपये नकद भी बरामद किये हैं।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के राजासराय गांव के पास जंगली और पहाड़ी इलाकों में नक्सलियों और एसटीएफ के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि करीब एक घंटे तक चली गोलीबारी में नक्सलियों ने एक सौ पच्चीस राउंड फायरिंग की। एसटीएफ ने जवाबी कार्रवाई में अस्सी राउंड गोलियां चलाई। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में ईनामी नक्सली सुरेश कोड़ा घायल हुआ है लेकिन वह भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि इलाके में सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है।

———————————————————————————

प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, एसआईआर जारी है। अबतक लगभग दो करोड़ अट्ठासी लाख गणना प्रपत्र जमा किये जा चुके हैं। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि एक अगस्त को जारी होने वाली मतदाता सूची के प्रारूप में उन्हीं व्यक्तियों के नाम होंगे जिनके गणना फॉर्म प्राप्त हुए हैं।

———————————————————————————

उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाले राजेन्द्र सेतु के सड़क मार्ग पर निर्माण कार्य के चलते आज रात दस बजे से कल सुबह छह बजे तक सभी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। सिर्फ एम्बुलेंस और आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहन ही आ–जा सकेंगे। इस संबंध में पटना और बेगूसराय जिला प्रशासन ने आदेश जारी किया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।